केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ नियंत्रण के लिए नगर निगम को स्वीकृत किए गए 222 करोड़ रुपए

# आने वाले समय में इंदौर-भोपाल शहर जबलपुर से करेंगे कॉम्पिटिशन : महापौर



▸ 8 करोड़ रुपए की राशि से लगेगा पौने दो मेगावाट सोलर प्लांट

**नवभारत,जबलपुर।** शहर में आपदा प्रबंधन अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण - रोकथाम के लिए 222 करोड़ रुपए की राशि और शहर में पौने दो मेगावाट सोलर प्लांट लगाने के लिए 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा नगर निगम जबलपुर को दी गई है। इस सोलर प्लांट से हर वर्ष नगर निगम को करीब 1 करोड़ रुपए की बिजली की बचत होगी। वो दिन दूर नहीं जब इंदौर, भोपाल जैसे शहर जबलपुर से अपना कॉम्पिटिशन करेंगे कि हम जबलपुर से आगे कैसे निकलें। हम जबलपुर को विकसित संस्कारधानी बनाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। 3 साल के कार्यकाल में नगर निगम जबलपुर ने कोई कर्ज नहीं लिया है बल्कि कर्जा चुकाया है। साथ ही नागरिकों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त टैक्स नहीं लगाया है। ये सारी बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पत्रकारवार्ता के दौरान कहीं।

साथ ही उन्होंनें कहा कि दशकों से हम सभी का सपना था मां नर्मदा में गंदा पानी मिलने से रोकना, इस सपने को भी हमने पूरा किया है और अब हम ये पूरे देश में हम कहने की स्थिति में है कि मां नर्मदा में शहर के भीतर कोई गंदा पानी नहीं मिल रहा है। बचे हुए दो वर्ष के कार्यकाल में जलप्लावन की समस्या से शहरवासियों को और अधिक निजात मिलेगी। इस मौके पर निगमाध्यक्ष प्रीति यादव, महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, एमआईसी सदस्य, डॉ सुभाष मौजूद रहे।

## 11 शहरों में जबलपुर नगर निगम का हुआ चयन

निगमायुक्त प्रीति यादव, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा नगर निगम जबलपुर से आपदा प्रबंधन के विषय पूछे गए थे जिसमें उनके द्वारा जबलपुर में जलप्लावन की समस्या बताई गई थी। फिर भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा 11 शहरों का चयन किया गया जिसमें जबलपुर नगर निगम का नाम भी शामिल रहा। ये सौगात निगम के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर मिली है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 222 करोड़ की राशि का बड़ा हिस्सा जलप्लावन से निजात दिलाने में काम आएगा। 18 माह के मिले समय के बाद काम पूरा करके केंद्र सरकार से अगली राशि बुलाई जाएगी। महापौर ने पत्रकारवार्ता के दौरान घर-घर नर्मदा जल पहुंचाने के लिए मिले 312 करोड़ रुपए से चल रहे कार्यों और स्वच्छता में मिली उपलब्धि की भी सराहना की।

## स्टेडियम के मार्केट को दिया जाएगा भव्य रूप

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि एकरूपता से हिंदी भाषा में नामकरण के साथ निगम के स्टेडियम को भव्य रूप दिया जाएगा। इसके लिए स्टेडियम मार्केट के व्यापारियों के द्वारा जनभागीदारी राशि के रूप में 20 लाख रुपए नगर निगम को दिए गए हैं। इसका वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। साथ ही महापौर ने बताया कि जबलपुर की सभी शासकीय बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

# राजीव गांधी की दूरदृष्टि और त्याग सभी के लिए प्रेरणास्रोत

▸ जबलपुर में नेता प्रतिपक्ष ने भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर स्व. राजीव गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**जबलपुर।** अल्पप्रवास पर जबलपुर पधारे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भारत रत्न स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर राजीव गांधी चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने कहा भारत रत्न स्व. राजीव गांधी ने देश को 21वीं सदी की दिशा में अग्रसर किया। सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज व्यवस्था और युवाओं को आगे बढ़ाने के उनके प्रयास आज भी भारत की प्रगति की मजबूत नींव बने हुए हैं। उनकी दूरदृष्टि और त्याग हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जबलपुर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा स्व. राजीव गांधी जी का योगदान भारत के इतिहास में अविस्मरणीय है। उनके आदर्श और उनके सपनों का भारत ही कांग्रेस का लक्ष्य है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, दिनेश यादव, चिंटू चौकसे, अमरीश मिश्रा, सतीश तिवारी, मुकेश राठौर, अनुराग गढ़वाल, अयोध्या तिवारी, सत्येंद्र चौबे, श्रीमती कमलेश यादव, झल्लेलाल जैन, बलविंदर मान, गुड्डू नवी, ,मदन लारिया ,अवधेश गुप्ता, टीकाराम कोष्टा, रविंद्र कुशवाहा, अखिलेश तिवारी, मनोज नामदेव , विष्णु विनोदिया मीनाक्षी स्वामी, भरत पटेल, रंबल विश्वकर्मा, अखिलेश सेठ, रामदास यादव, आदि उपस्थित थे।

# वोट चोरी के खिलाफ एनएसयूआई ने चलाया पोस्टरकार्ड अभियान



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जबलपुर इकाई द्वारा महात्मा गांधी कॉलेज, सेंट अलॉयसियस कॉलेज सदर, शहर की कुछ कोचिंगों में वोट चोरी के खिलाफ पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। एन एसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में इन जगहों के बाहर कैनोपी लगाकर अभियान चलाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं से उत्साहपूर्वक भाग लिया। और चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे पक्षपातपूर्ण व्यवहार एवं राष्ट्रीय स्तर पर उभर रहे गंभीर मुद्दे वोट चोरी के खिलाफ अपनी आवाज दर्ज कराई। एनएसयूआई का यह अभियान आगामी 15 दिनों तक लगातार प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संचालित किया जाएगा। इस दौरान कैनोपी लगाकर और टी-शर्ट पहनकर छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र एवं मतदान की पवित्रता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, नीलेश माहर, अनुज यादव,अभिषेक पटेल,पुष्पेन्द्र गौतम, अभिनव मिश्रा,अभिषेक दहिया,प्रिया पटेल, सोनाली सहित छात्र छात्राए उपस्थित थे।

## दो दिवसीय ईनामी दंगल का आयोजन 23 से

**जबलपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पोला पर्व पर स्वर्गीय ठाकुर धनपत सिंह एवं पूरन सिंह उस्ताद की स्मृति में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन 23 अगस्त शनिवार एवं 24 अगस्त रविवार को गोरखपुर प्राइमरी शाला शारदा टॉकीज के पास सायं 4 बजे से आयोजित किया जा रहा है, पंचायती व्यायाम शाला के अध्यक्ष डॉ.अनिल ठाकुर ने बताया कि सन 1960 से निरन्तर होने वाले इस दंगल में पहलवानों के लिए ट्रॉफी ओर नकद ईनाम रखा जा रहा है। व्यायाम शाला के उस्ताद जयवीर सिंह, अर्जुन यादव (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय शैली कुश्ती संघ),दिनेश यादव , सुनील पटेल,अरुण चंद्रवंशी, अमित सिंह, डॉ सिद्धार्थ सिंह, अरुण यादव ,प्रवीण धनगर आदि ने नगर के समस्त पहलवान एवं उस्ताद खलीफा जनों से उपस्थिति की अपील की है।

# जबलपुर में गूंजे आयुर्वेद की जय के नारे

▸ जिज्ञासा के क्षेत्रीय सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेले का आयोजन



**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिज्ञासा आयाम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेले का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सम्मेलन में आयुर्वेद शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विविध दृष्टिकोणों पर मंथन हुआ। कार्यक्रम के समापन सत्र में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एस. बालकृष्ण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

एस. बालकृष्ण ने कहा कि अभाविप केवल किसी एक प्रांत, प्रदेश या देश की सीमा में सीमित नहीं है। जिज्ञासा आयाम आयुर्वेद के लिए कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा मंच है, जो आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से वैश्विक स्तर पर योगदान कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. हरिता सचदेवा ने तीन दिवसीय सम्मेलन का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक ब्रजकांत , महर्षि सुश्रुत आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल, राष्ट्रीय सलाहकार (जिज्ञासा) डॉ. घनश्याम वत्स, रवि शंकर जी, डॉ आदर्श रावत, प्रदेश मंत्री माखन शर्मा , प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव, प्रांत सह संगठन मंत्री आशीष शर्मा, महानगर संगठन मंत्री, सतीश गुप्ता,महानगर मंत्री आर्यन पुंज, राष्ट्रीय सह संयोजक (जिज्ञासा) राजेश कल्याण, प्रांत संयोजक डॉ. रोहित पाण्डेय, प्रांत सह संयोजक डॉ. अमित सिंह, डॉ. हरिता सचदेवा, गौरव तिवारी, साक्षी बोहरे, जतिन राठौर,जानवी जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### आम जनों को बताए नशे के दुष्परिणाम तथा रोकथाम

**जबलपुर ।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आम जनों को नशे के दुष्परिणाम तथा रोकथाम के बारे में बताया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शपथ ली गई। कार्यक्रम का आयोजन डायरेक्टर डॉक्टर सुनील पाहवा, प्राचार्य डॉक्टर संगीता झांब तथा रजिस्ट्रार डॉक्टर सत्येंद्र कुररिया के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर अल्पना सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता सुहाने के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में ओमती थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों का सहयोग रहा।




### कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ समापन


**जबलपुर।** रेलवे स्टेडियम में 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, राजीव कुमार यादव, मण्डल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं उपमहानिरीक्षक रजनीश कुमार त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थिती में फाइनल मैच खेले गये। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किये गयें। इस प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा विषेष बल ने 30 अंको के साथ प्रथम, उत्तर रेलवे ने 19 अंकों के साथ द्वितीय तथा उत्तर पूर्व रेलवे ने 11 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### बाल चित्रकला एवं बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता 23 -24 को

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन द्वारा प्रतिवर्ष लोकविज्ञानी डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव के स्मृति जन्मोत्सव समारोह के तारतम्य में होने वाली किरणदेवी अग्रवाल स्मृति बाल चित्रकला प्रतियोगिता चार आयु वर्गों में क्रमश: के.जी., प्रायमरी, मिडिल एवं हाई व हायर सेकंडरी स्कूल स्तर में शनिवार 23 अगस्त को दोपहर 2 बजे से हितकारिणी गोरखपुर एवं कुछ अन्य शालाओं में होगी । सरदार आर. एस. चौपड़ा स्मृति बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में रविवार 24 अगस्त को दोपहर 12 बजे से गोलबाजार स्थित दत्त मंदिर के प्रेक्षागृह में होगी । सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रतियोगिता स्थल पर ही प्रदान किए जाएंगे । विजेताओं को पुरस्कार 1 सितंबर को संध्या 7 बजे से बुंदेली दिवस समारोह में शहीद स्मारक भवन में प्रदान किए जाएंगे ।

# पश्चिमी देशों में भारतीय जादू की चमक बरकरार

▸ यूनिवर्सिटी ऑफ मैजिक में जादूगर निगम



**जबलपुर।** हाईटेक एवं नवीनतम उपकरणों से सज्जित पश्चिमी देशों में भारतीय जादू की चमक अभी बरकरार है। अभी भी जादू के कार्यकमों में उत्सुकता - रहस्य - एवं भाषा के कारण दर्शक संख्या में कोई कमी नहीं आई है। उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर एस के निगम ने अपने फ्रांस - स्विट्जरलैंड - मोनाको - इटली के दौरे के पश्चात दिल्ली वापसी पर दिल्ली स्कूल ऑफ मैजिक एवं उसके अध्यक्ष जादूगर राजकुमार एवं दिल्ली यूनिवर्सिटी ऑफ मैजिक के संस्थापक जादूगर सी पी यादव द्वारा दिल्ली के कृषक भवन में आयोजित स्वागत के अवसर पर व्यक्त किया। जादूगर निगम ने फ्रांस के जादूगर निकोला एवं ब्राइन को भारत में अपने जादू प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार्य किया। ज्ञातव्य रहे कि जादूगर निगम आधी शताब्दी से अनेकों बार विश्व यात्रा भारतीय संस्कृति एवं संस्कृति जादू कला के निशुल्क प्रचार- प्रसार हेतु कर चुके हैं। स्विटजरलैंड रवाना होने पर दिल्ली में सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री विवेक तंखा एवं महर्षि महेश योगी अंतरराष्ट्रीय संस्थान के पदाधिकारियों ने बिदाई दी। नगर वापसी पर गुंजन कला सदन, सैम सीनियर सिटीजन क्लब, पाथेय, वर्तिका, शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, संस्कारधानी आर्टिस्ट ऑर्गनाइजेशन आदि अनेक संस्थाओं ने बधाइयां दी।

## अनिल तिवारी बने रामलीला समिति के अध्यक्ष

**जबलपुर, नवभारत।** शहर की लगभग 160 साल पुरानी ऐतिहासिक श्री गोविंदगंज रामलीला समिति ने 26वीं बार अनिल तिवारी को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी। श्री तिवारी ने दोहराया कि वो सबको साथ लेकर भगवान की सेवा करने कृत संकल्पित हैं। चुनाव में कई बार भावनात्मक स्थिति भी निर्मित हुई। समिति के संरक्षकद्वय राकेश पाठक और राजकुमार गुप्ता के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सदस्यों ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमल किशोर तिवारी पिंटू, उपाध्यक्ष पद पर अजय तिवारी, अतुल पांडे, महामंत्री पद पर मनीष पाठक और कोषाध्यक्ष पद पर राजीव गोयल मंगू के नाम पर सहमति दी।



## महाप्रबंधक की अध्यक्षता में बैठक

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में बुधवार को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया।

## आला हज़रत के उर्स में हुए कुल शरीफ

**जबलपुर।** इमाम अहले सुन्नत सैय्यदना आला हज़रत के उर्स मुबारक के मौके पर जामा मस्जिद बड़ी औमती में कुल शरीफ का खास एहतेमाम किया गया है। बाद नमाज जुहर दोपहर 2:30 बजे जलसे की शुरुआत हाफिज सिराजुल हसन द्वारा तिलावते कुरान पाक से की गई। जिसके बाद मौलाना मुबारक हुसैन अजहरी ने ईमान अफरोज तकरीर पेश की। ज़मील कादरी एवं राशिद पेंटर ने नाअत शरीफ व मनकबत पाक पढ़ी। अंत में, कुल शरीफ और शिजरा शरीफ के बाद सलातो-सलाम हुआ और मुल्क की तरक्की खुशहाली की खास दुआए मांगी गई। दुआ उपरांत तबर्रुक तक्सीम किया गया। हाफिज अशफ़ाक, हाजी असरार, हाजी अशफ़ाक, खालिद मुबीन, मक़सूद हुसैन, मोहम्मद जावेद सहित काफी तादाद में अकीदतमंद उपस्थित रहें। इसी प्रकार सैय्यदना आला हज़रत व मुस्तफ़ा खां रज़ा मुफ़्ती-ए-आज़म हिन्द अलैहिर्रहमां के उर्स मुबारक के मौके पर मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी की सरपरस्ती में हाजी मक़बूल अहमद रज़वी के निवास पर बाद नमाज़ मग़रिब फ़तेहा ख्वानी की गई और तबर्रुक तकसीम किया गया।


# लघु उद्योग भारती में दो नई इकाइयों का गठन




**जबलपुर।** लघु उद्योग भारती जबलपुर रिछाई इकाई के तत्वाधान में दो नई इकाइयों का गठन हुआ। औद्योगिक क्षेत्र उमरिया डुमरिया अध्यक्ष पं विवेक मोहन पाठक, सचिव राजेश सुखवानी एवं समस्त कार्यकारिणी के दायित्वों का चयन प्रदेश सचिव अरुण सोनी, जबलपुर महिला इकाई अध्यक्ष मेघना महाजन, सचिव पल्लवी गुप्ता एवं समस्त कार्यकारिणी का दायित्व चयन आंचल उपाध्यक्ष प्रियंका सोनी मुखारविंद से हुआ। इस अवसर पर संयुक्त संचालक विनीत रजक, हिमांशु श्रीवास्तव , वैभव नामदेव, व्हीकल फैक्ट्री हेमंत पखले,डीजीएम ऑर्डिनेंस ग्रे आयरन फैक्ट्री जबलपुर संभाग आईटीआई से अधिकारी इग्नाइट टीम के द्वारा कार्यक्रम में आईटीआई और उद्यमियों के बीच विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए एक सेतु का कार्य किया। लघु उद्योग भारती जबलपुर इकाई अध्यक्ष कपिल खत्री, सचिव आनंद तिवारी, मनीष पटेल, ज्ञानेंद्र शर्मा, वीके नेमा, सोमेश गुप्ता, रवि मिश्रा, गौरव अग्रवाल, रवि गंगवानी, पार्थ गुप्ता, प्रकाश केसरवानी, मुकुंद केसरी,हर्ष महाजन एवं जबलपुर से अनेक उद्यमी उपस्थित थे।

प्रवचन | आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में हुई धर्मसभा

# सम्यक ज्ञान और चारित्र मोक्ष की राह है



**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में हुई धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि जो लोग मोक्ष पाना चाहते हैं, उन्हें सही मार्ग का ज्ञान होना जरूरी है। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र मोक्ष की राह है, जबकि मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान और मिथ्या आचरण संसार की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि संसार टिकाऊ नहीं है और इसमें दुख ही दुख हैं, इसलिए इसे शरण लेने योग्य नहीं माना जा सकता। सामायिक (ध्यान) के समय हमें यही चिंतन करना चाहिए। महाराज श्री ने कहा कि इंसान अपने पिछले पापों का फल तो भोगता ही है, लेकिन जब वह धर्म से पुण्य करता है तो तुरंत फल चाहता है। यह संभव नहीं है। वास्तव में कोई वस्तु न अच्छी होती है और न बुरी, फर्क केवल हमारे दृष्टिकोण का होता है। सभा की शुरुआत में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सामने महेन्द्र बचैया, प्रशांत पप्पू, आलोक, पराग और सुधीर ने दीप प्रज्वलित किया आचार्यश्री के चरण प्रक्षालन का सौभाग्य लार्डगंज स्वर्ण मंदिर के अध्यक्ष राजेश और नीरेन्द्र जैन को मिला। धर्मसभा का संचालन अमित पडरिया ने किया।

